कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.01.2025

विषयः- चोरी के मुकदमों मे वांछित अभियुक्तगण 01- सूरज कुमार व 02- राज राजभर थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, चोरी गया 01 अदद गैस सिलेण्डर, 01 अदद नल की टोंटी, कुछ स्टील के बर्तन व कुल 1340/- रुपये नगद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 1- मु0अ0सं0 022/2025 धारा 305 A, 331(4) बी0एन0एस व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस एवं 2- मु0अ0सं0 571/2024 धारा 305A बी0एन0एस व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित 02 नफ़र अभियुक्तगण 01- सूरज कुमार पुत्र राजू कुमार निवासी ग्राम डुबकिया थाना चौबेपुर वाराणसी हाल पता चन्द्रा चौराहे पर रेलवे क्रासिग के बगल में थाना सारनाथ वाराणसी व 02- राज राजभर पुत्र पप्पू राजभर निवासी रुप्पनपुर नटुई थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक-09.01.2025 को समय करीब 12.30 बजे जवाहर नगर कालोनी की बन्द पडी रेलवे क्रासिंग थाना सारनाथ वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से व उनकी निशानदेही पर 01 अदद गैस सिलेण्डर, 01 अदद नल की टोंटी, कुछ स्टील के बर्तन व कुल 1340/- रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

1- दिनांक 08.01.2025 वादी मुकदमा/प्रार्थी ने कुछ अज्ञात चोरों द्वारा उनके किराये के माकन में दिन में पीछे से दरवाजा तोड़ कर घर में घूस कर कुछ बर्तन,गैस सिलेन्डर व नल की टोटी चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-022/2025 धारा 305A,331(4) बी0एन0एस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 जगदीश सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

2- दिनांक 22.12.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक-20.12.2024 को उनकी आशापुर चौराहे पर स्थित कपड़े की दुकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा कैश काउंटर मे रखे 500/- रु0 और कुछ कपड़े चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-571/2024 धारा 305-A बी0एन0एस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 राम अजोर द्वारा संपादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- दोनों अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया की हम लोगों को नशे की लत है और नशे का सामान खरीदने के लिए हम लोग छोटी-मोटी चोरी करते हैं। कल दिनांक-08.01.2025 को भी हम लोगों ने सारंगनाथ कालोनी में एक ही घर से दिन में 03 बार में बर्तन और सिलेण्डर इत्यादि चोरी कर लिया था और दिनांक-20.12.2024 को भी आशापुर चौराहे पर एक कपड़े की दुकान से 500/- रुपये और कुछ कपड़े हमने चोरी किये थे। कल जो हम लोगों ने सिलेण्डर और बर्तन चोरी किया था उसको दिन होने कारण एक खाली पड़े प्लाट के पीछे बन्द गली में छिपा दिया है और दिनांक-20.12.2024 को जो दुकान से कपड़े चोरी किए थे उन कपड़ों को हम लोगों ने राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच दिया है जिसमें से बचे कुल 1340/- रुपये हम लोगों के पास रखे हुए है। बाकी का पैसा हम लोगों ने नशे के सामान में खर्च कर दिया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01- सूरज कुमार पुत्र राजू कुमार निवासी ग्राम डुबकिया थाना चौबेपुर वाराणसी हाल पता चन्द्रा चौराहे पर रेलवे क्रासिग के बगल में थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

02- राज राजभऱ पुत्र पप्पू राजभर निवासी रुप्पनपुर नटुई थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 18 वर्ष।

गिरफ़्तारी का स्थान, दिनांक व समय- जवाहर नगर कालोनी की बन्द पडी रेलवे क्रासिंग थाना सारनाथ वाराणसी से, दिनांक-09.01.2025 को समय करीब 12.30 बजे।

बरामदगी का विवरण-

(1)- 01 अदद इण्डिएन गैस सिलेण्डर, 01 अदद सरकारी नल की टोंटी व 18 अदद स्टील धातु के बर्तन **(संबंधित मु0अ0सं0-022/2025 धारा 305 A,331(4) बी0एन0एस)**

(2)- कुल 1340/- रुपये नगद **(संबंधित मु0अ0सं0-571/2024 धारा 305 A बी0एन0एस)**

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 022/2025 धारा 305 A,331(4),317(2) बी0एन0एस थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

2- मु0अ0सं0 571/2024 धारा 305A,317(2) बी0एन0एस थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

(1)- थानाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(2)- उ0नि0 जगदीश सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(3)- का0 अशोक यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

(4)- का0 रवि यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

वाराणसी दिनांक 10.06.2024